भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-579

उत्तर देने की तारीख-06/02/2023

उत्कृष्टता केंद्र

†579. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मौजूदा संस्थानों में शहरी नियोजन और डिजाइन में भारत के विशिष्ट ज्ञान को विकसित करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र विनिर्दिष्ट किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में आंध्र प्रदेश के किसी संस्थान को विनिर्दिष्ट किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (घ): केंद्रीय बजट भाषण 2022-23 में, यह घोषणा की गई है कि 'शहरी नियोजन और डिजाइन में भारत विशिष्ट ज्ञान को विकसित करने और इन क्षेत्रों में प्रमाणित प्रशिक्षण देने के लिए, विभिन्न क्षेत्रों में पांच मौजूदा शैक्षणिक संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया जाएगा'। इस संबंध में, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने विभिन्न क्षेत्रों में शहरी नियोजन और डिजाइन में ज्ञान प्रदान करने वाले विभिन्न क्षेत्रों में पांच शैक्षणिक संस्थानों की पहचान करने, उन्हें उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) के रूप में नामित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सीओई के रूप में संस्थानों की पहचान करने और नामित करने की प्रक्रिया के संचालन के लिए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग (शिक्षा मंत्रालय), नीति आयोग के अधिकारियों और प्रमुख डोमेन विशेषज्ञों के साथ एक समिति गठित की गई है।

शहरी नियोजन के शैक्षणिक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए, प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी किया गया है ताकि इन संस्थानों में से सीईओ की पहचान और बाद में नामित किया जा सके। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिनकी जांच की जा रही है।

*****